Attachement 2.3

संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट

परियोजना का नाम परखाल–डुंग्री मोटर मार्ग के किमी0 8 से रा0इ0का0 पैंतोली, राजकीय उद्यान विभाग पैतोंली होते हुये स्थान पैंतोली तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.471 हे0 सिविल, कुल 1.471 हे0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण प्रस्ताव।

आज दिनाँक 16/01/2015 को लोक निर्माण विभाग के द्वारा परखाल–डुंग्री मोटर मार्ग के किमी0 8 से रा0इ0का0 पैंतोली, राजकीय उद्यान विभाग पैतोंली होते हुये स्थान पैंतोली तक मोटर मार्ग हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री रामलाल, वन दरोगा, राजस्व विभाग की ओर से श्री जयवीर सिंह बिष्ट, राजस्व उपनिरीक्षक नलगांव, प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री विनय झिंक्वाण, सहायक अभियन्ता, श्री जगमोहन सिंह, कनिष्ठ अभियन्ता, अन्य दावेदारों की ओर से क्षेत्रपंचायत डुंग्री तथा स्थानीय प्रतिनिधि के रुप में ग्राम प्रधान डुंग्री, सरपंच डुंग्री के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 210 (मी0) नाप भूमि से, 1790 (मी0) सिविल भूमि से, वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 0.279 हे0 नाप भूमि, 1.471 हे0 सिविल, वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 1.471 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन परं /चुने गये स्थल पर लगभग 102 वृक्ष तिमला, देवदार, बांज, बुरांश, मेहल, अखरोट, पौपलर, पदम, चीड़, काफल प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से 69 बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें 2500 मी0 सिविल वन भूमि, प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 2.130 हे0 सिविल, वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 2.130 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 148 वृक्ष तिमला, देवदार, बांज, बुरांश, मेहल, अखरोट, पौपलर, पदम, चीड़, काफल प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से 84 बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

प्रभावित होने वाली नाप भूमि पर प्रजाति के वन हैं एवं प्रभावित होने वाली सिविल तथा वन पंचायत भूमि पर तिमला, देवदार, बांज, बुरांश, मेहल, अखरोट, पौपलर, पदम, चीड़, काफल प्रजाति के वन हैं जिनका वर्तमान वन आच्छादन .... है। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का जी0पी0एस0 मान 30 10′ 7.817″ उ0, 79 23′ 34.386″ पू0 है तथा यह स्थल परखाल–डुंग्री मोटर मार्ग के किमी0 8 से प्रारम्भ होता है तथा समरेखण का अन्तिम स्थल ग्राम पैंतोली है जिसका जी0पी0एस0 मान 30 09′ 58.647″ उ0, 79 23′ 51.056″ पू0 है। चुने गये समरेखण/स्थल के बीच के स्थलों के जी0पी0एस0 मान 30 10′ 16.561″ उ0, 79 23′ 47.870″ पू0, 30 10′ 10.776″ उ0, 79 23′ 54.461″ पू0 हैं।

चयनित समरेखन में शून्य पौधों को अन्य स्थानन्तरित (translocate) किया जाना आवश्यक होगा । चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नही है । चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा ।

इस समरेखण पर उक्त परियोजना के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु किम0 1 व 2 में स्थल उपयुक्त पाये गये हैं जिनका जी0पी0एस0 मान 30 10′ 10.610″ उ0, 79 23′ 35.050″ पू0, 30 10′ 16.000″ उ0, 79 23′ 51.740″ पू0 हैं।

खण्डीय अमीन

कनिष्ठ अभियन्ता

सहायक अभियन्ता
सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0 नि0 वि0
थराली (चमोली)

अधिशासी अभियन्ता
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
थराली (चमोली)

एस0 डी0 रिमल्टी
राजस्व उपनिरीक्षक
राजस्व उपनिरीक्षक
क्षेत्र तलाई तहसील नारायणबगड़
जिला-चमोली

तहसीलदार
तहसीलदार
थराली

उपजिलाधिकारी
उपजिलाधिकारी
थराली

जिलाधिकारी

वन क्षेत्राधिकारी
(वन विभाग प्रतिनिधि)
नारायणबगड़

(रामलाल)
वन दरोगा

प्रति हस्ताक्षरित
प्रभागीय वनाधिकारी
प्रभागीय वनाधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर